कान्हा चराला मेरी गैया

कान्हा घुमन को मत जाए, चराला मेरी गैया,
चराला मेरी गैया, चराला मेरी गैया,
कान्हा घुमन को मत जाए, चराला मेरी गैया,
कान्हा मथुरा को मत जाए, चराला मेरी गैया॥

मैं कैसे चराऊ तेरी गैया मोहे भूख लगे मेरी मैया.
कान्हा मटकी ले जा साथ, चराला मेरी गैया,
कान्हा माखन ले जा साथ, चराला मेरी गैया,
चराला मेरी गैया, चराला मेरी गैया,
कान्हा घुमन को मत जाए, चराला मेरी गैया॥

मैं कैसे चराऊ तेरी गैया मोहे प्यास लगे मेरी मैया,
अरे जमुना की बह रही धार, चराला मेरी गैया,
चराला मेरी गैया, चराला मेरी गैया,
कान्हा घुमन को मत जाए, चराला मेरी गैया॥

मैं कैसे चराऊ तेरी गैया मोहे गर्मी लगे मेरी मैया,
बैठो कदम पेड़ की छांव, चराला मेरी गैया,
चराला मेरी गैया, चराला मेरी गैया,
कान्हा घुमन को मत जाए, चराला मेरी गैया॥

मैं कैसे चराऊ तेरी गैया वहां छाई काली बदरिया,
अरे कान्हा छतरी ले जाओ साथ, चराला मेरी गैया,
चराला मेरी गैया, चराला मेरी गैया,
कान्हा घुमन को मत जाए, चराला मेरी गैया॥

मैं कैसे चराऊ तेरी गैया मोहे ठंड लगे मेरी मैया,
अरे ले जा काली कमलिया साथ, चराला मेरी गैया,
चराला मेरी गैया, चराला मेरी गैया,
कान्हा घुमन को मत जाए, चराला मेरी गैया॥

मैं कैसे चराऊ तेरी गैया मेरा मन ना लगे मेरी मैया,
अरे कान्हा राधा ले जा साथ, चराला मेरी गैया,
अरे कान्हा मुरली ले जा साथ, चराला मेरी गैया,
चराला मेरी गैया, चराला मेरी गैया,
कान्हा घुमन को मत जाए, चराला मेरी गैया॥

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/24918/title/kanha-chra-la-meri-gayia

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |